वर्ष 2011–2012
राहत आयुक्त कार्यालय
उत्तर प्रदेश शासन

**बाढ़ की स्थिति**
**दिनॉक 18.09.2011**

## उत्तर प्रदेश में बाढ़ की स्थिति

प्रदेश के 30 जनपद बाढ़ से प्रभावित थे, परन्तु आज दिनांक 18.09.2011 को जनपदों से प्राप्त सूचना के अनुसार नदियों के जलस्तर में कमी होने के कारण वर्तमान समय में 07 जनपदों में बाढ़ का प्रभाव आंशिक रूप से अभी है। इनमें बाराबंकी, बहराइच, गोण्डा, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, बिजनौर, हरदोई, शाहजहॉपुर बदायूॅ, बरेली एवं बस्ती में बाढ़ का ज्यादा प्रभाव रहा है और शेष जनपदों में आंशिक प्रभाव रहा है। ऐसी तहसीलें जिनमें कुछ न कुछ गॉवों में पानी आया है उनकी संख्या 91 और ऐसे गॉव भी 3505 रहे। लेकिन ऐसे गॉव की संख्या, जो कि पानी से घिर गये थे उनकी संख्या 810 रही है। प्रदेश की कुल 23.03 लाख जनसंख्या बाढ़ से प्रभावित हुई। दिनांक 17.09.2011 को गंगा नदी बलिया में खतरे के निशान से 47 से0मी0 ऊपर बह रही है तथा घाघरा नदी एलिग्न ब्रिज पर 22 से0मी0 ऊपर एवं अयोध्या में खतरे के निशान से 05 से0मी0 ऊपर बह रही है। प्रदेश में बहने वाली अन्य नदियों का जल स्तर खतरे के निशान से नीचे है एवं नदियों की प्रवृत्ति घटने की है।

वर्तमान वित्तीय वर्ष में बाढ़ प्रभावित जनपदो के जिलाधिकारियो की मांग पर दिनांक 09.09.2011 तक कुल रू0 32.16 करोड़ धनराशि जिलाधिकारियो को उपलब्ध करायी गई है। समस्त बाढ़ प्रभावितों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने तथा कोई भी प्रभावित व्यक्ति राहत पाने से छूटने न पाये एवं राहत वितरण में पूर्ण पारदर्शिता रखने हेतु जनपदों को निर्देशित कर दिया गया है। गृह अनुदान एवं कृषि निवेश अनुदान में तेजी लाये जाने के निर्देश दिये गये है।

बाढ़ प्रभावित जनपदों में बाढ़ राहत बचाव कार्य हेतु 3769 नावें उपयोग में लायी गयी हैं साथ ही साथ 17 जनपदों बहराइच, बलिया, बाराबंकी, बरेली, बस्ती, गोण्डा, गोरखपुर, हरदोई, जे0पी0नगर, कन्नौज, लखीमपुर खीरी, मेरठ, मुरादाबाद, मुजफ्फरनगर, पीलीभीत, रामपुर, शाहजहॉपुर, में फ्लड पी0ए0सी0 तैनात की गयी थी।

बाढ़ पीड़ितों को अब तक राहत के रूप में 1262568 खाने के पैकेट, 25060.2 कु0 चावल, ऑटा 4285.7 कु0, दाल/चना 1888.00 कु0, गुड़ 51.89 कु0, लइया 564.73 कु0, लइया–चना पैकेट 14130, नमक 1329.9 कु0, आलू 9937.1 कु0, मिट्टी का तेल 235792 ली0 तथा तिरपाल 36501 मी0, आदि आवश्यक वस्तुओं का वितरण किया जा चुका है। उक्त राहत सामग्री वितरण में जनपदों द्वारा लगभग 9.70 करोड़ रू0 की धनराशि तथा अनुग्रह सहायता में 11.12 करोड़ रू0 की धनराशि का उपयोग किया जा चुका है।

बाढ़ प्रभावित लोगों को संक्रामक रोगो से बचाने हेतु स्वास्थ्य विभाग 293 टीमों द्वारा 168310 लोगो को उपचार किया गया है तथा 513482 क्लोरीन टेबलेट एवं 29494

ओ0आर0एस0 पैकेट तथा 340.75 कु0 ब्लीचिंग पाउडर वितरित किया गया है। पशु चिकित्सा विभाग की 81 टीमों द्वारा 212311 पशुओं का उपचार तथा 926473 पशुओं का टीकाकरण किया गया।

18 सितम्बर तक बाढ़, अतिवृष्टि एवं आकाशीय विद्युत आदि के कारण 220 व्यक्तियों तथा 130 पशुओं की क्षति हुई है। अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार 5.18 लाख है0 कृषि क्षेत्र बाढ़ से प्रभावित हुआ है। बाढ़/अतिवृष्टि के कारण कुल 21079 मकान क्षतिग्रस्त हुये है जिसमें से 4414 मकान पूर्णतया तथा 16463 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त है। बाढ़ प्रभावित लगभग 166655 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुँचाया गया । जनपदों में बाढ़ प्रभावित 108083 व्यक्तियों को 260 राहत शिविरों में विस्थापित किया गया है। इस प्रकार बाढ़ से प्रभावित लोगों 46290 पशुओं हेतु 145 पशु शिविरों की स्थापना की गयी थी। 145 पशु शिविरो में रखे गये पशुओं की संख्या 46290 रही है।

## 1.जनपद बाराबंकी

| | |
|---|---|
| जनपद में प्रभावित तहसीलें रामनगर | – सिरौली गौसपुर, राम सनेही घाट, |
| जनपद में प्रभावित ग्रामों की संख्या | – 102 |
| जनपद में प्रभावित जनसंख्या | – 80189 |
| जनपद में मानव क्षति | – |
| (बाढ़ एवं अन्य कारणों से) | – 15 क्रमिक |
| जनपद में पशु क्षति यदि कोई हो | – 04 |
| जनपद में प्रभावित कृषि क्षेत्रफल | – 28507 है0 |
| जनपद में अन्य क्षति | – सर्वेक्षण किया जा रहा है। |
| क्षतिग्रस्त मकान पूर्णतः | – |
| आंशिक – | |
| शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी धनराशि | – 1.50 करोड़ |

### जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही

दिनांक 01–08–2011 को घाघरा नदी के किनारे स्थिति एग्लिन–चरसरी तटबंध डाउन स्ट्रीम के कि0मी0 11,400 पर कट गया था। इस कटान के कारण तहसील सिरौली गौसपुर के 33 ग्राम, तहसील राम सनेही घाट के 23 ग्राम व तहसील रामनगर के 46 ग्राम (कुल 102 ग्राम) बाढ़ से प्रभावित हुए ।

अब तक 6375 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुचायां गया । 15 राहत शिविरों में 1250 व्यक्ति विस्थापित किये गये । बाढ़ राहत केन्द्र गौरा एवं कमियार पर एक–एक एम्बुलेन्स मय चिकित्सा एवं जीवन रक्षक औषधियों के साथ उपलब्ध है। पी0ए0सी0 की 03 प्लाटून निरंतर राहत एवं बचाव कार्य में लगी रही।

दिनांक 10/09/2011 को चिकित्सा विभाग की 39 मेडिकल टीमों द्वारा अब तक 22662 रोगियों का उपचार किया जा चुका है। प्रभावित व्यक्तियों को क्लोरीन की गोलियां 99080, ओ0आर0एस0 के 7767 पैकेट वितरित किये जा चुके है। पशुपालन विभाग द्वारा अब तक 1087 पशुओं का उपचार तथा 102148 पशुओं का वैक्सीनेशन किया गया है।

## 2. <u>जनपद गोण्डा</u>

जनपद में प्रभावित तहसीलें – करनैलगंज, तरबगंज
जनपद में प्रभावित ग्रामों की संख्या – 107 ग्राम
जनपद में प्रभावित जनसंख्या – 143938 क्रमिक
जनपद में मानव क्षति – 10
(बाढ़ एवं अन्य कारणों से)
जनपद में पशु क्षति यदि कोई हो – शून्य
जनपद में प्रभावित क्षेत्रफल – 26711.166 है0
जनपद में अन्य क्षति – सर्वेक्षण किया जा रहा है।
क्षतिग्रस्त मकान पूर्णतः –
आंशिक –
शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी धनराशि – 1.00 करोड़

### <u>जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही</u>

जनपद से प्राप्त सूचना के अनुसार अब केवल 04 ग्रामों की 4380 जनसंख्या बाढ़ से प्रभावित है। आवागमन के लिए 06 नौकाएं प्रयोग में लायी जा रही है।

दिनांक 10/09/2011 को बाढ़ प्रभावित लोगों को जनपद में स्वास्थ विभाग द्वारा कुल 19169 व्यक्तियों का उपचार किया गया है। पशुपालन विभाग द्वारा अब तक 13285 पशुओं का उपचार तथा 225091 पशुओं का टीकाकरण किया गया। दो बाढ़ चौकियों पर विस्थापित 2592 पशुओं को 196.15 कु0 भूसा निशुल्क वितरित किया गया है ।

प्रभावित क्षेत्र में 30वी वाहिनी पी0ए0सी0 गोण्डा की 01 फलड कम्पनी अपने 15 मोटरबोट एवं पूरे संसाधनों सहित तैनात है ।

## 3.<u>जनपद बहराइच</u>

जनपद में प्रभावित तहसीलें – नानपारा, महसी, कैसरगंज।
जनपद में प्रभावित ग्रामों की संख्या – 65
जनपद में प्रभावित जनसंख्या – 107905 (क्रमिक)
जनपद में मानव क्षति – 07 (क्रमिक)
(बाढ़ एवं अन्य कारणों से)
जनपद में पशु क्षति यदि कोई हो – 01 (क्रमिक)
जनपद में अन्य क्षति – सर्वेक्षण किया जा रहा है।
जनपद में प्रभावित बोया गया क्षेत्रफल – 14966 है0
क्षतिग्रस्त मकान पूर्णतः – 278
आंशिक – 66
शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी धनराशि – 2.25 करोड़

**जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही**

जनपद के 254 मकान एवं 119 झोपड़ी कट कर नदी में समाहित हो गये थे। प्रभावित ग्रामों में इस समय 256 नावें लगाई गयी है। 23 बाढ़ चौकियां संचालित की जा रही है। कटान से प्रभावित सभी 373 परिवारों के 1511 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दिया गया है। तहसील नानपारा के 91 परिवारों के 265 व्यक्तियों को उसी ग्राम में, तहसील महसी में ग्राम बासगढ़ी के कटान से सभी प्रभावित परिवारों के व्यक्तियों को सुरक्षित स्थान पर पहुँचा दिया गया है एवं नियमानुसार अनुमन्य राहत गृह अनुदान एवं अहैतुक सहायता का चेक वितरित कर दिया गया है। तहसील महसी में ग्राम बासगढ़ी के कटान पीड़ितों को उसी ग्राम के अरनवा मजरा में बंजर भूमि में तथा अटोडर के कटान पीड़ितों को उसी ग्राम के मजरा जैता चूरामणि के खलिहान में एवं कोढया, पिपरी, गोलागंज के कटान पीड़ितों को बन्धें पर बसाया गया है। तहसील कैसरगंज के 48 परिवार के 198 व्यक्तियों को उनकी सुविधानुसार बसा दिया गया है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा 12598 लोगों का उपचार किया गया है। 108900 क्लोरीन की गोलियां, 2543 ओ0आर0एस0 पैकेट तथा 2247 क्लोरोक्वीन गोली का वितरण किया गया है। पशु पालन विभाग द्वारा अब तक 212299 पशुओं का टीकाकरण तथा 20886 पशुओं की चिकित्सा की गयी ।

## 4.. जनपद सीतापुर

| | |
|---|---|
| जनपद में प्रभावित तहसीलें | – लहरपुर, बिसवा, महमूदाबाद |
| जनपद में प्रभावित ग्रामों की संख्या | – 193 |
| जनपद में प्रभावित जनसंख्या | – 389605 |
| जनपद में मानव क्षति (बाढ़ एवं अन्य कारणों से) | – 23 क्रमिक |
| जनपद में पशु क्षति यदि कोई हो | – 06 (क्रमिक) |
| जनपद में प्रभावित कृषि क्षेत्रफल | – 19565.4 है0 |
| जनपद में अन्य क्षति | – |
| क्षतिग्रस्त मकान पूर्णतः | – 1068 |
| आंशिक – | |
| शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी धनराशि | – 1.25 करोड़ |

**जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही**

जनपद से प्राप्त सूचना के अनुसार गत दिनों हुई बरसात के कारण घाघरा नदी में जलस्तर में वृद्धि हुई है, परन्तु स्थिति अभी ठीक है। अब तक जनपद में 1097 भवन पूर्णतः क्षतिग्रस्त हुये है जिनका अनुमानित मूल्य लगभग रू0 2.73 करोड़ है। अब तक 14 राहत शिविर खोले गये जिनमें 3160 व्यक्तियों को पहुंचाया गया । बचाव एवं राहत कार्य में 124 नावे लगायी गयी । अब तक स्वास्थ्य विभाग की 16 टीमों द्वारा 19163 व्यक्तियों का उपचार स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया गया है तथा पशु पालन विभाग द्वारा 14789 पशुओं का उपचार किया गया तथा 62755 पशुओं का टीकाकरण किया गया है।

## 5. जनपद शाहजहांपुर

जनपद में प्रभावित तहसीलें — 03 (सदर,जलालाबाद,तिलहर)
जनपद में प्रभावित ग्रामों की संख्या — 275 (क्रमिक)
जनपद में प्रभावित जनसंख्या — 1,14,933 (क्रमिक)
जनपद में मानव क्षति — 31
(बाढ़ एवं अन्य कारणों से)
जनपद में पशु क्षति यदि कोई हो — 09 (क्रमिक)
जनपद में प्रभावित कृषि क्षेत्रफल — सर्वे किया जा रहा है
क्षतिग्रस्त मकान पूर्णतः — 160
आंशिक — 1861
शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी धनराशि — 1.00 करोड़

**जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही**

बाढ़ बचाव कार्य में 87 नावों का प्रयोग किया गया। अब तक जनपद में 10 राहत शिविरों में पहुंचाये गये व्यक्तियों की संख्या 16869 है। प्राप्त सूचना के अनुसार जनपद में कुल क्षतिग्रस्त मकानों की संख्या 2021 है जिसमें से पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त मकान 160 तथा आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त मकान 1861 है।

## 6. जनपद बरेली

जनपद में प्रभावित तहसीलें — 06 (नवाबगंज, सदर, बहेड़ी, फरीदपुर, आंवला, मीरगंज)
जनपद में प्रभावित ग्रामों की संख्या — 190
जनपद में प्रभावित जनसंख्या — 74967
जनपद में मानव क्षति — 08 (क्रमिक)
(बाढ़ एवं अन्य कारणों से)
जनपद में पशु क्षति यदि कोई हो — 17 (क्रमिक)
जनपद में प्रभावित कृषि क्षेत्रफल — 660 है0
जनपद में अन्य क्षति —
क्षतिग्रस्त मकान पूर्णतः — 113
आंशिक — 4507
शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी धनराशि — 1.25 करोड़

**जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही**

जनपद में बहने वाली रामगंगा नदी की प्रवृत्ति घटने की है । जनपद से प्राप्त सूचना बाढ़ राहत बचाव कार्य में 35 नावें व 03 मोटरबोट का उपयोग किया गया है । जनपद में बाढ़ एवं जल प्लावन के कारण अब तक 113 मकान पूर्णतया एवं 4507 मकान आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त हुए है। पशुओं हेतु 15 राहत शिविर स्थापित किये गये हैं जिसमें 69 पशुओं को रखा गया । स्वास्थ्य विभाग की 49 मेडिकल टीम द्वारा 9657 व्यक्तियों का उपचार किया गया है

तथा बाढ़ पीड़ितों में 26703 क्लोरीन टेबलेट, 21795 औषधि टेबलेट, 97.25 किग्रा0 ब्लीचिंग पाउडर तथा 5410 ओ0आर0एस0 के पैकेट वितरित किये गये हैं ।

## 7. जनपद बदायूँ

| | |
|---|---|
| जनपद में प्रभावित तहसीलें | – 04 (बदांयू,सहसावन,गुन्नौर,दातागंज) |
| जनपद में प्रभावित ग्रामों की संख्या | – 213 |
| जनपद में प्रभावित जनसंख्या | – 141786 |
| जनपद में मानव क्षति (बाढ़ एवं अन्य कारणों से) | – 23 |
| जनपद में पशु क्षति यदि कोई हो | – शून्य |
| जनपद में प्रभावित कृषि क्षेत्रफल | – 3760 है0 |
| जनपद में अन्य क्षति | – |
| क्षतिग्रस्त मकान पूर्णतः | – 21 |
| आंशिक | – 2 |
| शासन द्वारा उपलब्ध करायी गयी धनराशि | – 1.75 करोड़ |

**जिला प्रशासन द्वारा की गई कार्यवाही**

जनपद से प्राप्त सूचना के अनुसारं गंगा नदी द्वारा बहाव की दिशा बदलने के कारण दातागंज तहसील में निर्मित उसहते तटबंध में कटाव हो रहा है। तटबंध बचाने के लिये प्रयास किये जा रहे है। तटबंध टूटने की स्थिति में 12 गांव बाढ़ से प्रभावित होने की संभावना है। बाढ़ से जनपद में अब तक 121 गांव पानी से घिरे हुये थे, तथा 23 मकान क्षतिग्रस्त हुए हैं। 10491 व्यक्तियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया । 17 शिविरों में 7262 व्यक्तियों को रखा गया । राहत कार्य में 56 नावें लगाई गई । स्वास्थ्य विभाग की चार टीमें चिकित्सा कार्य में लगी हैं । 12 पशु शिविरों में 770 पशुओं को रखा गया है और 9472 पशुओं का टीकाकरण किया गया है ।

राहत आयुक्त कार्यालय
राजस्व विभाग
उ0प्र0 शासन